

# टंट्या मामा की जन्मभूमि पर गूंजा सम्मान का स्वर, राज्यपाल का ऐतिहासिक दौरा

## बड़ोदा अहीर में जननायक को नमन, विकास और गौरव की नई घोषणाएं

नवभारत न्यूज





**खंडवा।** पंधाना विधानसभा क्षेत्र के बड़ोदा अहीर गांव में अमर शहीद, जननायक टंट्या भील की जन्मजयंती पर आयोजित भव्य कार्यक्रम इतिहास के स्वर्णिम पलों में दर्ज हो गया। मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने यहां पहुंचकर टंट्या मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और जनसभा को संबोधित करते हुए जनजातीय समाज के गौरव को नई ऊंचाई दी।

**'राज्यपाल बोले- टंट्या मामा केवल नाम नहीं, एक प्रेरणा हैं...'** - अपने ओजस्वी संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि टंट्या मामा केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता, साहस और स्वतंत्रता संग्राम के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे उनके जीवन संघर्ष को पढ़ें और समझें कि किस प्रकार एक साधारण गांव से निकलकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए पूरे देश में अपनी अमिट पहचान बनाई।

**जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति, बना ऐतिहासिक माहौल-** समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की आयोजीत कार्यक्रम मे राज्यपालजी के साथ इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, पंधाना विधायक छाया मोरे, खंडवा विधायक कंचन तनवे, मांधाता विधायक नारायण पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष पींकी सुदेश वानखेडे, महापौर अमृता अमर यादव, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, डीआईजी मनोज राय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र जनजातीय गौरव और उत्साह से सराबोर नजर आया।

**50 लाख का स्थायी शेड और तीन दिवसीय महोत्सव की घोषणा-** स्वागत भाषण में विधायक छाया मोरे ने टंट्या मामा के जीवन चरित्र को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। इस दौरान मंत्री डॉ. विजय शाह ने जन्मस्थली पर स्मारक परिसर के बाहर 50 लाख रुपये की लागत से स्थायी शेड निर्माण की घोषणा की। साथ ही हर वर्ष टंट्या मामा की जयंती पर तीन दिवसीय भव्य महोत्सव आयोजित करने का ऐलान किया गया, जिसे संस्कृति और जनजातीय कार्य मंत्रालय संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे।

**विधायक छाया मोरे के प्रयासों से संभव हुआ दौरा-** राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने अपने उद्बोधन में विधायक छाया मोरे की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उनके सतत प्रयासों और आग्रह के कारण ही उन्हें इस पावन जन्मस्थली पर आने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने इसे अपने लिए सौभाग्य बताया।

**जनजातीय विकास पर सरकार की प्राथमिकता, सिकल सेल पर विशेष फोकस-** राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी की जांच, पहचान और उपचार अब संभव हो रहा है, जिससे जनजातीय समाज को बड़ा लाभ मिल रहा है।

**राजनीतिक संदेश भी स्पष्ट: छाया मोरे का बढ़ता प्रभाव-** कार्यक्रम के बाद एक दिलचस्प राजनीतिक संदेश भी सामने आया, जब राज्यपाल मंगू भाई पटेल पंधाना विधायक छाया मोरे को अपने साथ हेलीकॉप्टर से खरगोन के कार्यक्रम के लिए लेकर रवाना हुए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस घटनाक्रम ने निमाड़ की राजनीति में चर्चाओं को जन्म दे दिया है। भाजपा द्वारा हाल ही में प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी मिलने और जनजातीय वर्ग में बढ़ती लोकप्रियता के चलते छाया मोरे को अब क्षेत्र की एक सशक्त आदिवासी नेता के रूप में देखा जाने लगा है। लगातार सफल आयोजनों और बड़े जनसमर्थन ने उनके राजनीतिक कद को और मजबूत किया है।

**निमाड़ की राजनीति में उभरता नेतृत्व, जनता की बढ़ती अपेक्षाएं-** पंधाना विधानसभा क्षेत्र में यह लगातार दूसरा बड़ा और सफल आयोजन रहा, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने विधायक छाया मोरे की जनस्वीकृति को स्पष्ट किया। क्षेत्र की जनता अब अपनी विधायक को और ऊंचे राजनीतिक मुकाम पर देखने की उम्मीद कर रही है, साथ ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की अपेक्षाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं।

**गौरव, जनभावना और नेतृत्व का संगम बना बड़ोदा अहीर-** बड़ोदा अहीर का यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि यह जनजातीय गौरव, विकास की दिशा और उभरते नेतृत्व का संगम बन गया। टंट्या मामा की पावन भूमि पर उमड़ा जनसैलाब इस बात का साक्षी बना कि इतिहास की प्रेरणा और वर्तमान का नेतृत्व मिलकर भविष्य की नई दिशा तय कर रहे हैं।

## एक नजर में

### सद्भावना मंच ने माखन दादा को किये श्रद्धा सुमन अर्पित



**खंडवा।** सद्भावना सदस्यों व्दारा शनिवार को माली कुआं स्थित कार्यालय पर भारतीय आत्मा, राष्ट्रीय लेखक, कवि, पत्रकार और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पद्म भूषण से विभूषित कर्मवीर के संस्थापक पंडित स्वर्गीय माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मदिवस पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन की अध्यक्षता में पुष्पांजलि अर्पित की गयी। यह जानकारी देते हुए मंच प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि आज हम संकल्प लें की माखन दादा के बताए रास्ते पर चलकर हमें शताब्दी की ओर बढ़ती लोकतांत्रिक आजादी की बुनियाद को मजबूती प्रदान करना है। खंडवा नगर के लिए यह सौभाग्य की बात है कि यह माखन दादा जैसी शख्सियत की कर्मवीर भूमि रही है? आयोजन के दौरान मंच संस्थापक प्रमोद जैन, डॉ. जगदीशचंद्र चौरे, पूर्व डीएसपी आनंद पाल तोमर, देवेंद्र जैन, गणेश भावसार, राधेश्याम शाक्य, ललित चौरे, मुरली कोडवानी, निर्मल मंगवानी, एनके दवे, त्रिलोक चौधरी, अनूप शर्मा, ओम पिल्ले, रजत सोहनी, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा आदि सहित बड़ी संख्या में मंच सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त कर पुष्पांजलि अर्पित की।

### 10 हजार रुपए इनाम की शतरंज प्रतियोगिता आज

**खंडवा।** जिला स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शर्मा चेस एकेडमी, खंडवा द्वारा 5 अप्रैल रविवार को प्रात: 11 बजे से स्थानीय पी . एम . श्री सूरजकुंड गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, खंडवा में किया जा रहा है। चेस कोच श्री सुनील शर्मा ने बताया कि जिला शतरंज संघ के सहयोग आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में कम उम्र के खिलाड़ियों के लिए अलग से जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, जिसमें 13 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इसके साथ ही 13 वर्ष से अधिक आयु के सीनियर खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। कुल दो वर्गों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि 10 हजार रूपये है। प्रथम विजेता को 2000, द्वितीय को 1300, तृतीय को 800, चतुर्थ को 500 एवं पांचवे स्थान पर आने वाले खिलाडी को 400 रूपये प्रदान किये जावेंगे रविवार को आयोजित होने जा रही यह प्रतियोगिता फीडे के नियमों के आधार पर स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में खंडवा जिले के अतिरिक्त बुरहानपुर, हरदा, खरगोन एवं राजगढ़ जिलों के खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

## 5 दिन में 61 ट्रांसफर, असिस्टेंट कमिश्नर पर रिश्वतखोरी के आरोप

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जनजातीय कार्य विभाग में रिटायरमेंट से ठीक पहले बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विभाग के तत्कालीन सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला ने 26 से 31 मार्च के बीच महज 5 दिनों में 61 ट्रांसफर आदेश जारी कर दिए। इन आदेशों में शिक्षक, हॉस्टल अधीक्षक और भृत्य के तबादले शामिल हैं, वहीं कुछ मामलों में प्रमोशन भी दिए गए। बताया जा रहा है कि इन तबादलों में न तो प्रभारी मंत्री की मंजूरी ली गई और न ही जिला कलेक्टर को इसकी जानकारी दी गई। संतोष शुक्ला 31 मार्च को रिटायर हो चुके हैं, जिसके बाद अब उनके फैसलों पर सवाल उठने लगे हैं और विभागीय जांच की मांग तेज हो गई है।



**ऑनलाइन रिश्वत लेने के आरोप:** - मामले में जय आदिवासी युवा संगठन ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन का कहना है कि ट्रांसफर और पोस्टिंग के बदले मोटी रकम वसूली गई। आरोप है कि हॉस्टल अधीक्षक हेमंत सिन्हा के माध्यम से शिक्षकों और हॉस्टल अधीक्षकों से पैसे लिए गए, जिनका भुगतान ऑनलाइन किया गया।

**हर महीने वसूली का आरोप:** - शिकायत में यह भी कहा गया है कि कई हॉस्टल अधीक्षकों से हर महीने 1500 से 2000 रुपए तक की अवैध वसूली की जाती थी। वहीं क्रमोन्नति (प्रमोशन) के नाम पर 5 से 10 हजार रुपए तक लिए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं। इसके अलावा 50 से अधिक शिक्षकों का अनधिकृत अटैचमेंट किए जाने की भी बात सामने आई है।

**कई जगहों पर पोस्टिंग और निर्माण में अनियमितता :** - आरोपों के मुताबिक राजगढ़, पंधाना, हरसूद, खंडवा, मोजवाड़ी, जामन्या, बेदीमाल, खुटला, आसा और नेटीसराय सहित कई स्थानों के हॉस्टल व आश्रमों में पोस्टिंग, निर्माण कार्य और वित्तीय लेनदेन में भी अनियमितताएं की गई हैं।

**पहले भी हो चुका है लोकायुक्त का छापा :** - सूत्रों के अनुसार, असिस्टेंट कमिश्नर संतोष शुक्ला के खिलाफ पहले भी ऑनलाइन रिश्वत लेने के आरोप लगे थे और इस मामले में लोकायुक्त की कार्रवाई भी हो चुकी है। अब रिटायरमेंट से ठीक पहले जारी किए गए तबादलों को लेकर विभाग और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मच गई है। शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## रोटरी क्लब के अगले सत्र के अध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव श्याम दलाल...



**खंडवा।** रोटरी क्लब खंडवा द्वारा सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत स्थायी सेवा प्रोजेक्ट पर विस्तृत चर्चा की गई। जो आगामी समय में शहर में देखने को मिलेंगे। मीडिया प्रभारी आशीष जायसवाल ने बताया अध्यक्ष सतनामसिंह होरा को अध्यक्षता में आगामी सत्र के अध्यक्ष और सचिव के लिए सर्वसम्मति से रोटेरियन मनोज वर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया. एवं रोटेरियन श्याम दलाल को सचिव पद हेतु चुना गया. इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के सहायक मंडलाध्यक्ष रो.अभिषेक गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने रोटरी के नए पदाधिकारीयो को बधाई दी व आगामी 9 अप्रेल को मंडलाध्यक्ष रोटे. सुशील मल्होत्रा की आधिकारिक यात्रा हेतु सभी सदस्यों को तैयारी हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोटरी सदस्य मौजूद थे। जिसमें वरिष्ठ रोटे.जगदीश पालीवाल, प्रफुल्ल मंडलोई, सचिव मनोज वर्मा, श्याम दलाल, परमानंद तालनपुरे, मनोज शाह ,राजू भाई गुजराती उपस्थित थे।

## पं. माखनलाल चतुर्वेदी और क्रांतिसूर्य टंट्या भील जयंती पर गरिमामय कार्यक्रम



**खंडवा।** पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल कॉलेज, खंडवा में महान साहित्यकार पंडित माखनलाल चतुर्वेदी एवं वीर शहीद टंट्या भील की जयंती के उपलक्ष्य में एक गरिमामय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपेश आर. उपाध्याय, प्रबंधक सतीश पटेल सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन नम्रता गांगुली द्वारा किया गया।

प्राचार्य डॉ. दीपेश आर. उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का संदेश दिया। क्रीड़ा अधिकारी विकास मोहे ने टंट्या भील के साहस, संघर्ष एवं बलिदान पर प्रकाश डाला, वहीं प्रबंधन विभागाध्यक्ष सौरभ सिंह बिसेन ने पंडित माखनलाल चतुर्वेदी के साहित्यिक योगदान को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। साथ ही बी.एड. के छात्र अखिलेश मसानी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इन महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश रहा।

## ठेका खत्म... रसीद कट्टे कचरा गाड़ी में!

**ओंकारेश्वर ।** नगर परिषद ओंकारेश्वर में पार्किंग ठेके से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि ठेका समाप्त होने के बाद ठेकेदार ने नगर परिषद द्वारा जारी रसीद कट्टों को कार्यालय में जमा करने के बजाय सड़कों पर फेंक दिया, जिन्हें बाद में सफाई कर्मचारियों ने कचरा गाड़ी में डालकर टेंशन ग्राउंड पर फेंक दिया।






मामला सामने आते ही शहर में चर्चा का विषय बन गया है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद ओंकारेश्वर ने वर्ष 2024-25 के लिए पार्किंग का ठेका करीब 2 करोड़ 15 लाख रुपए में चंद्रशेखर खंडेलवाल को दिया था। यह ठेका 31 मार्च को समाप्त हो गया। नियम के अनुसार ठेके की अवधि खत्म होने के बाद नगर परिषद द्वारा जारी सभी रसीद कट्टे वापस कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होता है, लेकिन आरोप है कि ठेकेदार ने ऐसा न करते हुए रसीद कट्टों को सड़कों पर फेंक दिया। बताया जा रहा है कि सड़क पर पड़े इन रसीद कट्टों को सफाई कर्मचारियों ने कचरा वाहन में डालकर टेंशन ग्राउंड में फेंक दिया। इस मामले को लेकर समाजसेवी प्रदीप ठाकुर ने कलेक्टर और नगर परिषद प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इधर नगर परिषद की पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्ष 2026-27 के लिए हाल ही में पार्किंग ठेके की ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया की गई थी। इसमें ठेका 5 करोड़ 29 लाख 50 हजार रुपए तक पहुंचने के बाद भी ठेकेदारों ने हाथ खड़े कर दिए। अब नगर परिषद को पुन: नीलामी प्रक्रिया करनी पड़ेगी। इससे साफ है कि निकाय की पार्किंग व्यवस्था को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा और नियमों की अवहेलना हो रही है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार-** ठेकेदार चंद्रशेखर खंडेलवाल से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

नगर परिषद सीएमओ मोनिका पार्धी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। पार्किंग ठेकेदार को राजस्व निरीक्षक द्वारा विधिवत रसीद बुक जारी की जाती है और नियम के अनुसार ठेका समाप्त होने पर रसीद बुक जमा करना अनिवार्य होता है। पूरे मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है, प्रकरण को दिखवाएंगे। देखना होगा कि जांच के बाद प्रशासन क्या कदम उठाता है।

## खंडवा में कांग्रेस का सरकार पर हमला : महंगाई, बेरोजगारी और किसान मुद्दों पर घेरा, 9 अप्रैल को आंदोलन का ऐलान



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शनिवार को अल्प प्रवास पर खंडवा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए प्रदेश सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों को लेकर जमकर हमला बोला। पटवारी ने कहा कि प्रदेश में आम जनता, किसान और युवा वर्ग लगातार परेशान हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में व्यवस्थाएं लगातार बिगड़ती जा रही हैं। सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात ठीक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन तेज करेगी।





किसानों के मुद्दे पर पटवारी ने कहा कि सरकार गेहूं खरीदी को लेकर लगातार तारीख बढ़ा रही है, जो किसानों के साथ षड्यंत्र है। इससे किसानों को मजबूर किया जा रहा है कि वे अपना अनाज व्यापारियों को सस्ते दामों पर बेच दें। उन्होंने घोषणा की कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी 9 अप्रैल को पूरे प्रदेश में जिला कलेक्टर कार्यालयों का घेराव करेगी।

खंडवा में गरीब परिवारों के मकान तोड़े जाने के मामले पर भी उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। पटवारी ने कहा कि इससे भाजपा का गरीब विरोधी चेहरा सामने आया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर उन्हें राहत दी जाएगी।

खंडवा आगमन पर पटवारी ने जिला अस्पताल के सामने स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद देशगांव, छैगांवमाखन सहित विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हरदा विधायक आर.के. दोगने, पूर्व विधायक राजनारायण सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, प्रतिभा रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## विकास कार्यों में तेजी और गुणवत्ता पर जोर, अवैध नियुक्तियों की जांच के निर्देश





**खंडवा।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा किया जाए। बैठक के दौरान जनजातीय कार्य विभाग में हाल ही में किए गए स्थानांतरण और नियुक्तियों की जानकारी मिलने पर प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर ऋषभ गुप्ता को निर्देश दिए कि यदि कोई नियुक्ति या स्थानांतरण अवैध तरीके से किया गया है तो ऐसे सभी आदेश तत्काल निरस्त किए जाएं और पूरे मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

प्रभारी मंत्री ने ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जानकारी लेते हुए बताया कि प्रसादालय के ऊपर प्रथम और द्वितीय तल पर डॉरमेट्री का निर्माण कराया जा रहा है। अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए विश्राम गृह भी बनाया जा रहा है। उन्होंने खाद्य एवं औषधि प्रशासन को निर्देश दिए कि ओंकारेश्वर में मावा और प्रसाद की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए। खाद्य पदार्थों के सैंपल प्रयोगशाला में भेजे जाएं। गेहूं-चना उपार्जन की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उपार्जन में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत ने बैठक में बताया कि खंडवा शहर में 20 करोड़ रुपये की लागत से गीता भवन निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिसमें ई-लाइब्रेरी और ऑडिटोरियम की सुविधा भी प्रस्तावित है।